# अखिल राजस्थान उच्च शिक्षा मंत्रालयिक कर्मचारी संघ (अरूस्मा)

(EMAIL ID : arusma2025@gmail.com)

प्रधान कार्यालयः SKIT कॉलेज के पास, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर

क्रमांकः ARUSMA/प्रदेश/राज./2025/198–200　　　　दिनांकः– 28.10.2025

**माननीय मुख्यमंत्री जी/उच्च शिक्षा मंत्री,**
**राजस्थान सरकार, जयपुर।**

**श्रीमान् मुख्य सचिव,**
**राजस्थान सरकार, जयपुर।**

**श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर।**

**श्रीमान् आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त,**
**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।**

विषयः– कॉलेज शिक्षा विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किए जाने हेतु अनुरोध।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन हैं कि कॉलेज–शिक्षा विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किए जाने हेतु निवेदन हैं कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की उन्नति एवं कार्यक्षमता वृद्धि हेतु खेलकूद गतिविधियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानसिक गुणवत्ता, समूह की भावना एवं आपसी सहयोग की भावना में भी अभिवृद्धि करता है।

1. **शारीरिक स्वास्थ्य एवं उर्जा**

– खेलकूद गतिविधियाँ कर्मचारियों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखती हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और उर्जा स्तर में सुधार होता है। इससे बीमारियों की संभावना घटती है और स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण वातावरण बनता है।

2. **समूह की भावना और आपसी तालमेल**

– खेलकूद प्रतियोगिताओं में भागीदारी से कर्मचारियों में टीम वर्क, नेतृत्व, अनुशासन और आपसी सहयोग के सद्गुणों की अभिवृद्धि होती है। कार्यालय की कार्यप्रणाली के बाहर अल्प प्रतिस्पर्धा से कार्य, कार्यप्रणाली के साथ जुडाव मजबूत होता है। कार्मिकों को अपने साथी अन्य कार्मिकों के साथ संपर्क एवं परिचय का अवसर भी स्वतः प्राप्त होता है।

3. **कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल**

– नियमित खेलकूद कार्यक्रम कार्यालय में सकारात्मकता, उर्जा और प्रेरणा का संचार करते है। यह कर्मचारियों को कार्यस्थल से जोडे रखने में सहायक होते है।

– नियमित खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर्मचारियों के स्वास्थ्य, मनोबल, कार्यक्षमता और कार्यस्थल की संस्कृति में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है।

– जब किसी संस्था में खेलों का आयोजन होता हैं, तो उनमें प्रतिस्पर्धा के साथ–साथ सहयोग की भावना का भी समान रूप से समानांतर विकास होता है।



(EMAIL ID : arusma2025@gmail.com)
प्रधान कार्यालयः SKIT कॉलेज के पास, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर

4. मानसिक तनाव में कमी

– प्रतिदिन के कार्यभार और मानसिक दबाव से राहत पाने में खेलकूद मदद करते है। खेलकूद कर्मचारियों को तनावमुक्त रखने का असर उनके कार्य प्रदर्शन में भी दिखाई देता है।

–इसी प्रकार राजस्थान सरकार के अन्य विभागों जैसे पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व कृषि आदि में भी मंत्रालयिक एवं अन्य कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण शिविरों एवं प्रोहत्साहन योजनाओं के प्रावधान मौजूद हैं, जिनकी अनुपालना हेतु विभिन्न आदेश एवं परिपत्र जारी किए गए है।

5. कार्मिकों को अपनी अभियोग्यता प्रदर्शन का अवसर

– कार्मिकों को अपने कार्यस्थल पर संचालित की जा रही कार्यप्रणाली के संचालन के साथ अपनी खेल संबंधी अभिरूचि एवं अभियोग्यता के प्रदर्शन का समुचित अवसर प्राप्त होता है। जिससे कार्मिकों में अपनी कार्य संस्कृति के प्रति संतुष्टी की भावना का विकास होता है, साथ ही कार्मिकों में कार्यस्थल पर आपसी संबंध मधुर होते है एवं कार्य निष्पादन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता हैं।

– कार्यालयी कार्यों से परे यह मंच कर्मचारियों को आत्मविश्वास एवं सौहार्द का अनुभव कराता है।

6. राजस्थान सरकार के प्रावधान एवं अन्य विभागों में अनुपालना

– राजस्थान सरकार द्वारा कर्मचारियों के कल्याण एवं खेल विकास हेतु विभिन्न नीतियां एवं नियम लागू किए गए हैं, जो सभी विभागों पर समान रूप से लागू होते है। इनमें खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, भागीदारी, प्रोहत्साहन एवं सेवा मूल्यांकन में खेल प्रदर्शन को शामिल करने के प्रावधान शामिल है। अन्य विभागों में इसकी अनुपालना के उदाहरण निम्न हैं:–

शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता

**– माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर द्वारा जारी नियमों एवं दिशा–निर्देशों के अनुसार, मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए वार्षिक जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रतिवर्ष आयोजन होता है।** हाल ही में विगत 51वीं राज्य स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता– 2024–25 का आयोजन 27 से 30 दिसम्बर 2024 तक पीएम श्री जवाहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुचामन सिटी में किया गया।

– जिसमें वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, फुटबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी, सतोलिया, खो–खो, योग, एथलेटिक्स आदि खेल शामिल थे।

**– शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों के भी प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है।**

7. राष्ट्रीय खेल नीति– 2025 एवं खेलों इंडिया योजना (2021–26)

– युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित योजना भी अखिल भारत स्तर पर खेलों के आयोजन एवं सहभागिता को बढावा देती है।

अतः खेलकूद प्रतियोगिता केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का साधन है। यह उन्हें आत्मविश्वासी बनाती हैं, नई उर्जा देते हैं और विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारियों में एकता व प्रगति की दिशा में अग्रसर करती है।



(EMAIL ID : arusma2025@gmail.com)
प्रधान कार्यालयः SKIT कॉलेज के पास, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर

**इसी क्रम में उपरोक्त वर्णित बिंदुओं के अनुरूप 'एकरूपता एवं समानता के सिद्धांत' को लागू किया जावें एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान के समान कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान में भी मंत्रालयिक कर्मचारियों की खेलकूद प्रतियोगितओं का आयोजन आवश्यक हैं, ताकि विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों को भी अभिरूचि अनुसार खेलों में प्रदर्शन के समान अवसर प्राप्त होकर विभागीय उत्पादकता में वृद्धि हो सकें।**

अतः आपसे अनुरोध हैं कि– इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्मिक हित में कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान में भी मंत्रालयिक कर्मचारियों के खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में शीघ्र कार्रवाई करें जिससे कि विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारियों को कार्यस्थल पर स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सकें।

**दिनांकः– 28–10–2025** **भवदीय**



**प्रकाश चन्द्र शर्मा**

**प्रदेशाध्यक्ष, ARUSMA**



(EMAIL ID : arusma2025@gmail.com)
प्रधान कार्यालयः SKIT कॉलेज के पास, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर